




नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 30 अप्रैल, 2026


## एक नजर में



### पेंशन हितग्राहियों को कलेक्टर ने वितरित किए स्वीकृति पत्र

**सीहोर.** कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर बालागुरू के. और जिले के पेंशन हितग्राही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राशि अंतरण कार्यक्रम में शामिल हुए. कलेक्टर ने जिले के अनेक पेंशन हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए. इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि पेंशन योजनाएं समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए महत्वपूर्ण सहारा हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर पेंशन का लाभ सुनिश्चित किया जाए और कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे. इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, सहायक संचालक महेश यादव सहित अनेक हितग्राही उपस्थित थे.



### संतान को कार दो ना दो संस्कार जरूर देना : पं. मोहितराम

**सीहोर.** संस्कार के बिना मानव जीवन व्यर्थ आप आपकी संतान को कार नहीं दोगे तो वह एक दिन रोएगा और संस्कार नहीं दोगे तो वह जीवन भर रोएगा. उक्त उद्गार ग्राम बड़ी कुलास वर्मा कृषि फार्म पर धर्म रक्षक संत मंदिर जीणोद्धारक संत श्री श्री 1008 पंडित दुर्गा प्रसाद जी कटारे बाबा के सानिध्य में चल रहे शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ एवं श्री नर्वदेश्वर शिव महापुराण कथा में कथा व्यास गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक ने व्यक्त किए. भगवान गणेश के जन्म की कथा का वर्णन करते हुए सनातन धर्म में 16 संस्कारों का महत्व बताया, सनातन धर्म में संस्कारों का बड़ा महत्व है. हमारे यहां हर कार्य संस्कार एवं संस्कृति विधि विधान से किया जाता है.



### बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा

**सीहोर.** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रचना सुरेंद्र मेवाड़ा की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई. बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. सदस्यों द्वारा विभिन्न मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया. बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ब्लॉक एवं ग्राम स्तरीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करें और जल गंगा संवर्धन अभियान एवं विभागीय योजनाओं का प्रभावी संचालन करें. बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव व अधिकारीगण उपस्थित थे.

# स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप-5 आने का लक्ष्य

## आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नपा हुई सक्रिय, शहर की सुंदरता पर दाग होर्डिंग पर लगा प्रतिबंध

- नपाध्यक्ष ने भी बैनर- होर्डिंग से परहेज का लिया संकल्प
- देश के टॉप पांच शहरों में शामिल होने का बनाया लक्ष्य

नवभारत न्यूज

**सीहोर 29 अप्रैल. नगर पालिका ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर पूरी ताकत झोंक दी है. इस वर्ष शहर को राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका ने न केवल व्यापक कार्ययोजना तैयार की है, बल्कि जनभागीदारी को अभियान का मुख्य आधार बनाने का संकल्प भी लिया है. इसी क्रम में आयोजित प्रेसवार्ता में स्वच्छता को प्रभावित करने वाले कारकों को खत्म करने और शहर को स्वच्छ व सुरक्षित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.**



**सीहोर.** नपा परिषद द्वारा शहर में बदनुमा दाग की तरह नजर आने वाले फ्लेक्स और बैनर हटाने का काम शुरू कर दिया गया है.

नगर पालिका परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 की उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई. इस दौरान बताया गया कि पिछले वर्ष सीहोर ने 1 लाख से 3 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर 6वां स्थान प्राप्त किया था, वहीं मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर शहर ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की थी। साथ ही नगर पालिका को Water Plus, ODF++ और GFC x-Star जैसे प्रतिष्ठित प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुए थे.

प्रेस वार्ता में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि पिछले वर्ष की सफलता प्रेरणादायक है, लेकिन इस बार लक्ष्य और ऊंचा रखा गया है. उन्होंने कहा कि नगर पालिका इस वर्ष स्वच्छता के सभी मापदंडों पर और अधिक मजबूती से काम करेगी, ताकि सीहोर देश के टॉप-5 स्वच्छ शहरों में अपनी जगह बनाने में सफल हो सके.

नगर पालिका द्वारा आगामी कार्ययोजना के तहत कचरा प्रबंधन में नवाचार, शहर के प्रमुख स्थलों का सौंदर्यीकरण, नालों की नियमित सफाई और सीवरेज ट्रीटमेंट सिस्टम को और मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाएगा. इसके अलावा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और सोर्स सेग्रिगेशन को 100 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है.

अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में शहर के लगभग 93 प्रतिशत घरों से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण किया जा रहा है और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के माध्यम से कचरे का वैज्ञानिक निपटान सुनिश्चित किया जा रहा है. 'वेस्ट टू वेल्थ' मॉडल के तहत गीले कचरे से खाद निर्माण और सूखे कचरे के पुनर्चक्रण को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा.

नपा ने स्वच्छता अभियान में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को सबसे अहम बताया है. हर वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे. प्रेसवार्ता में पार्षद विजेंद्र परमार, राजेश मांझी, दिनेश कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

### नपध्यक्ष राठौर ने लिया अनुकरणीय संकल्प

इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण पहल के तहत फ्लेक्स, बैनर और होर्डिंग पर रोक लगाने का संकल्प लिया गया. अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करते हुए घोषणा की कि वे अपने जन्मदिन पर किसी भी प्रकार के फ्लेक्स या स्वागत द्वार का उपयोग नहीं करेंगे. साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से भी अपील की कि वे इस पहल में सहभागी बनें, क्योंकि सड़कों पर लगे फ्लेक्स और होर्डिंग न केवल गंदगी फैलाते हैं बल्कि दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं.

### सड़क हादसे में दो की मौत, एक गंभीर

**आष्टा.** मंगलवार रात को इंदौर-भोपाल हाईवे मार्ग पर कोठरी के समीप मानाखेड़ी-बोरखेडा रोड पर स्कूटी सवार तीन युवकों को ईको वाहन चालक ने लापरवाही से चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी. जिसके चलते दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक को गंभीर अवस्था में सिविल अस्पताल आष्टा में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया. उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है. वहीं हादसे के बाद वाहन भी पलट गया, लेकिन उसमें सवार लोग फरार हो गए. पुलिस मामले की जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 8.45 बजे मानाखेड़ी बोरखेड़ा गांव के बीच इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार तीन युवकों को वाहन चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी. आमने-सामने की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि इसमें मानाखेड़ी निवासी आयुष उम्र 26 साल, कोठरी निवासी निखिल कासन्या उम्र 28 साल की मौके पर ही मौत हो गई तथा मानाखेड़ी निवासी दीपक उम्र 28 साल को गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार के पश्चात रैफर किया गया. बताया जाता है कि दीपक की हालत भी काफी नाजुक बनी हुई है. दूसरी तरफ ईको वाहन टक्कर मारने के बाद वह भी पलट गया. हालांकि उसमें सवार लोग फरार हो गए. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### ऑनलाइन हाजिरी दर्ज नहीं तो कटेगा वेतन

**सीहोर.** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी शासकीय शिक्षकों को हमारे शिक्षक एप से अनिवार्य रूप से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए है. डीईओ संजय सिंह तोमर द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने में जिले की स्थिति संतोषजनक नही होने पर बीईओ एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयकों को नोडल अधिकारी और संकुल प्राचार्य को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त कर निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने विकासखंड के सभी शासकीय शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थित दर्ज कराना सुनिश्चित करें और प्रतिदिन की रिपोर्ट भेजें. सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी शिक्षकों की उपस्थिति एवं अवकाश संबंधी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराएं। आदेश का उल्लंघन करने पर वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी.

# बुधनी में पराली से लदी ट्राली जली, शेखपुरा में किसान तबाह

- देवगांव के समीप पराली से लदी ट्राली में लगी आग
- ग्राम शेखपुरा के किसान के यहां दूसरे दिन भी लगी आग

नवभारत न्यूज

**सीहोर/ बुधनी 29 अप्रैल.** जिले में आग की घटनाओं ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाओं और विभागीय लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं. बुधनी के देवगांव के पास नेशनल हाईवे पर बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब पराली से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक आग का गोला बन गई. वहीं, ग्राम शेखपुरा में बिजली लाइन से निकली चिंगारी ने किसान को दो दिनों में दो बार भारी नुकसान पहुंचाया.

जानकारी के अनुसार, बुधनी क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर चल रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में धान की पराली भरी थी. अचानक उसमें आग लग गई और देखते ही देखते लपटें विकराल हो गईं. स्थिति को भांपते हुए चालक ने चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई. घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पूरी ट्रॉली जलकर खाक हो चुकी थी. आग के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा.

लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पराली का परिवहन तेजी से हो रहा है, लेकिन अधिकांश ट्रॉलियों में ओवरलोडिंग की जा रही है. ऊंचाई अधिक होने के कारण बिजली के तारों से टकराने या शॉर्ट सर्किट से आग लगने का खतरा बना रहता है. इसके अलावा न तो पराली को तिरपाल से ढका जा रहा है और न ही कोई अग्नि सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं.

लगातार दो घटनाओं के बाद भी प्रशासन और बिजली विभाग की ओर से राहत या मुआवजा नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव के लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई और पीड़ित किसान को तत्काल मुआवजा देने की मांग की है. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा.

आगजनी की घटनाओं ने साफ कर दिया है कि लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी बड़े हादसों को न्योता दे रही है. यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो ऐसी घटनाएं आगे और भी गंभीर रूप ले सकती हैं.

### शेखपुरा में दो दिन में दूसरी बार लगी आग

इसी तरह समीपस्थ ग्राम शेखपुरा में बिजली विभाग की कथित लापरवाही से किसान राम सिंह गौर को भारी नुकसान उठाना पड़ा. 27 अप्रैल को उनके खेत में बिजली लाइन से निकली चिंगारी से आग लग गई थी. जिसमें दो ट्रैक्टर, आर्मेचर और अन्य कृषि उपकरण जलकर नष्ट हो गए. इसमें करीब 25 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है. ग्रामीणों के अनुसार, पहली घटना के बाद भी बिजली विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया. नतीजतन, 29 अप्रैल को एक बार फिर आग लग गई और इस बार खेत में रखा पूरा भूसा जलकर राख हो गया. आग बुझाने के प्रयास में किसान के बड़े बेटे को हाथ-पैर में चोटें भी आई हैं.



# अवैध विकसित हो रही कालोनी पर चला पीला पंजा

- तहसीलदार भरत नायक के नेतृत्व में हुई प्रभावी कार्रवाई
- अवैध कालोनी के कच्चे व पक्के निर्माण को किया ध्वस्त

नवभारत न्यूज

**सीहोर 29 अप्रैल.** नजदीकी ग्राम रायपुरा नयाखेड़ा में प्रशासन ने 26 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर सख्त कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया. कॉलोनाइजरों को कड़ी चेतावनी भी दी गई है.

गौरतलब है कि तमाम नियम-कायदों को दरकिनार कर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियां काटकर प्लॉट बेचने का सिलसिला लगातार जारी है. इसी क्रम में बुधवार को प्रशासन ने रायपुरा नयाखेड़ा में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया. उल्लेखनीय है कि रायपुरा नयाखेड़ा क्षेत्र में करीब 26 एकड़ जमीन पर ड्रीम बुल्स नाम से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी. कॉलोनी को दीपक ठाकुर और राकेश ठाकुर द्वारा बिना अनुमति के काटा जा रहा था. सूचना मिलने पर तहसीलदार भरत नायक राजस्व व पुलिस अमले के साथ मौके पर पहुंचे.



प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान कॉलोनी के अंदर किए गए कच्चे और पक्के निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़कर जमीन समतल कर दी गई. प्रशासन की इस सख्ती से आसपास के अन्य अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया, कई लोग मौके से फरार हो गए. तहसीलदार भरत नायक ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ लगातार इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी.

### उपार्जन केंद्रों पर दे रहे किसानों को जानकारी

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के सभी 240 उपार्जन केंद्रों पर गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है. कलेक्टर ने जिले के सभी उपार्जन केंद्रों पर गेहूं विक्रय के लिए आने वाले किसानों को शासन की किसान हितेषी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपार्जन केंद्रों पर पोस्टर-बैनर और पैंप्लेट के माध्यम से जानकारी देने के निर्देश दिए हैं, ताकि शासन की योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचे और वे इन योजनाओं का लाभ ले सकें.

# कुबेरेश्वर धाम पर उमड़ी भक्तों की भीड़

नवभारत न्यूज

**सीहोर 29 अप्रैल.** बुधवार को कुबेरेश्वरधाम में भगवान शिव-पार्वती, भगवान राम-सीता और भगवान मुरली मनोहर की एक साथ प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान का दरबार अब श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया.

प्राण प्रतिष्ठा के बाद की शाम को प्रभु के दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में उमड़े,. भगवान के दर्शन करने मुंबई, दिल्ली समेत कई राज्यों से लोग धाम पर पहुंचे थे. सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया था. श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि श्री कुबरेश्वर धाम मुरली मनोहर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का सादगी और आस्था के साथ समापन किया गया है. पूरे भारत की भूमि का मात्र एक ऐसा स्थान कुबरेश्वर धाम जो बारह ज्योतिर्लिंग के मध्य है यहां आने वाले शिव भक्त कंकर शंकर की पूजन कर महादेव की अनुपम कृपा प्राप्त करते हैं. मंदिर पर भव्य सजावट की गई है.



### तेज आवाज में बज रहे दो डीजे किए जब्त




**भैरूंदा.** तेज ध्वनि में बज रहे दो डीजे संचालकों पर मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 7/15 के तहत कार्यवाही की गई. जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम द्वारा डीजे वाहन संचालक गोलु पिता रमेश चन्द्र अटेरिया निवासी बालागांव व दूसरे डीजे के संचालक महेन्द्र चौहान पिता अनेक सिंह चौहान निवासी रेहटी पर मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाकर दोनों डीजे को जब्त किया गया.

**प्रदर्शन** — कांकरखेड़ा स्थित अल्फा प्रोटीन फैक्ट्री में गौवंश का चमड़ा मिलने पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# भाजपा के राज में हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़

नवभारत न्यूज

**सीहोर 29 अप्रैल.** जिला मुख्यालय के पास कांकडखेड़ा स्थित अल्फा प्रोटीन फैक्ट्री एक बार फिर बड़े विवादों के घेरे में है. आकाओं से संरक्षण प्राप्त फैक्ट्री में धड़ल्ले से गोरखधंधा चल रहा है. फेक्ट्री में भारी मात्रा में गौवंश का चमड़ा पाया गया. जिसके विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कोतवाली चौराहे पर फेक्ट्री प्रबंधन एवं संचालक के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया.

कांग्रेस कार्यकर्ता हाथ में फेक्ट्री के विरोधात्मक स्लोगन की तख्ती लिए फेक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारे बाजी करते नजर आए. वहीं फेक्ट्री संचालक आशीष गोयल के चित्र को आग के हवाले किया गया. इस मौके पर राजीव गुजराती ने कहा कि फैक्ट्री की कार्यप्रणाली न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं और धर्म को भ्रष्ट करने का कारण भी बन रही है. मामला फैक्ट्री में गोवंश के चमड़े के उपयोग और बिना ट्रीटमेंट के छोड़े जा रहे गंदे पानी से जुड़ा है। अल्फा प्रोटीन फैक्ट्री के पास गंदे पानी की निकासी के लिए कोई ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है. सालों से फैक्ट्री से निकलने वाला केमिकल युक्त, बदबूदार और पशुओं के अवशेषों वाला पानी सीधे खेतों में छोड़ा जा रहा है.

यही गंदा और अशुद्ध पानी सब्जियों, गेहूं और दाल की फसलों में जा रहा है. इछावर के लोग इन्हीं खेतों में उगी सब्जियां और अनाज खा रहे हैं. लोगों का कहना है कि जिस अनाज और सब्जी को खाकर वे अपनी धार्मिक शुद्धता बनाए रखते हैं, उसमें चमड़े युक्त गंदा पानी मिलना सीधे तौर पर धर्म को भ्रष्ट करने जैसा है. साथ ही यहां से निर्मित प्रोटीन के उपयोग से युवाओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है.



श्री गुजराती ने कहा फैक्ट्री में चमड़े से भरा हुआ ट्रक पकड़ा है. आज दो दिन होने वाले हैं अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई. गोवंश के चमड़े मिलना इस भाजपा सरकार में भोपाल और का दूसरा सीहोर क्षेत्र का कांड है आप सोच सकते हैं कि भाजपा की सरकार में गौ-माता की क्या हालत हो गई है. कांग्रेस पार्टी सरकार और प्रशासन से मांग करती हैं कि फैक्ट्री के प्रबंधन एवं संचालक के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज हो और उच्च स्तरीय टीम गठित कर निष्पक्ष जांच हो और इस मामले में कौन-कौन लिप्त और किस-किस का संरक्षण है, इसका भी खुलासा हो.

इस अवसर पर विवेक राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेंद्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, डॉ. अनीस खान, नरेंद्र खंगराले, प्रेम नारायण परमार, घनश्याम मीणा, मुनव्वर मामू, मनोज पटेल, हसीन कुरैशी, केके रिछारिया, भगत सिंह तोमर, संतोष मालवीय, गजराज परमार, अजय रैकवार, विनीत गोयल, मनीष मेवाड़ा, हरिओम सिसोदिया आदि उपस्थित थे.

# पांचवी- आठवीं की पुन: परीक्षा 1 जून से

नवभारत न्यूज

**सीहोर 28 अप्रैल.** शिक्षण सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण या अनुपस्थित कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों के लिए पुनः परीक्षा 1 से 6 जून के बीच आयोजित की जाएगी. इस परीक्षा में प्रदेश के सभी शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त विद्यालयों एवं पंजीकृत मदरसों के विद्यार्थी शामिल होंगे.

पुनः परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र के परीक्षा पोर्टल से डाउनलोड कर सकेंगे. शाला प्रमुख, जन शिक्षा केन्द्र प्रभारी, बीआरसीसी एवं डीपीसी के लॉगिन के माध्यम से भी प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे. निर्देश दिए गए हैं कि सभी विद्यार्थियों को 25 मई तक अनिवार्य रूप से प्रवेश पत्र उपलब्ध करा दिए जाएं।

परीक्षा से पहले विद्यार्थियों के लिए शाला स्तर पर विषयवार अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित की जाएंगी. जिनके प्रोजेक्ट कार्य अधूरे हैं या 7 से कम अंक प्राप्त हुए हैं, उनसे प्रोजेक्ट पूर्ण कराकर शाला स्तर पर मूल्यांकन किया जाएगा और अंक पोर्टल पर दर्ज किए जाएंगे. पुनः परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर ही बनाए जाएंगे. यदि किसी केन्द्र पर 500 से अधिक विद्यार्थी हों, तो राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से अतिरिक्त केन्द्र बनाया जा सकेगा. सभी स्कूलों की मैपिंग 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं. परीक्षा केन्द्रों पर ही प्रश्नपत्र डाउनलोड कर प्रिंट किए जाएंगे. प्रत्येक केन्द्र पर 2 कम्प्यूटर/लैपटॉप, 2 प्रिंटर, इंटरनेट, कागज, टोनर व बिजली की व्यवस्था होगी. विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने और उन्हें परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों की होगी.

## मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को

**सीहोर.** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है. एक जनवरी 2026 की संदर्भ तारीख के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण होगा. फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को किया जाएगा. कलेक्टर द्वारा मतदाता सूची के पुनरीक्षण संबंधी प्रशिक्षण के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त किए गए हैं. फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 15 मई को किया जाएगा. प्रारूप मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां 25 मई तक ली जाएंगी. दावे- आपत्तियों का निराकरण 30 मई तक किया जाएगा. फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 18 जून को होगा.

**प्रदर्शन** | बुधनी में किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

# भाजपा की नीतियों से हो रही अन्नदाता की दुर्गति

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 28 अप्रैल.** किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया. महाराणा प्रताप तिराहे पर किसान आक्रोश धरना-प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार पर तीखा हमला बोला और किसानों के साथ अन्याय का आरोप लगाया.

भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस प्रदर्शन में सुबह से ही दूर-दराज क्षेत्रों से किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे. करीब चार घंटे तक चले इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने मंच से सरकार की नीतियों को किसान विरोधी बताते हुए जमकर आलोचना की. दोपहर एक बजे बुधनी पहुंचे जीतू पटवारी का कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ स्वागत किया. इजेसीबी मशीन के जरिए पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. लंबे समय बाद बुधनी में कांग्रेस का इतना बड़ा प्रदर्शन राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. कार्यक्रम में सचिन यादव, सुखदेव पांसे, सज्जन सिंह वर्मा, राजकुमार पटेल और शैलेंद्र पटेल सहित कई वरिष्ठ नेता एवं महिला नेत्रियां मौजूद रहीं.

11

सभा को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश में किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था भी कमजोर है. उन्होंने आरोप लगाया कि फसल खरीदी में देरी के चलते किसानों को मजबूरी में कम दामों पर उपज बेचनी पड़ रही है। भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर भी उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि किसानों को चार गुना मुआवजे का वादा किया गया था, लेकिन वास्तविकता इससे अलग है. पटवारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस 7 मई को इंदौर-आगरा-मुंबई हाईवे पर चक्का जाम करेगी.

धरना स्थल पर कार्यक्रम शुरू होने से पहले लगाए गए होर्डिंग्स में कुछ स्थानीय नेताओं की तस्वीरें नहीं होने को लेकर चर्चा का माहौल भी बना, हालांकि वरिष्ठ नेताओं ने स्थिति को संभाल लिया और कार्यक्रम शांतिपूर्वक चलता रहा. कार्यक्रम के समापन पर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल द्वारा बुधनी तहसीलदार को किसानों की मांगों का ज्ञापन सौंपा गया.

## जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आज

**सीहोर.** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव के निर्देशानुसार 29 अप्रैल को शाम 04 बजे जिला पंचायत में जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी. बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की जाएगी.

**निविदा सूचना**

क्र./स्टोर/241 दि. 28.04.2026

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. सीहोर की शाखाओं, प्रधान कार्यालय सहित 46 नग अग्निशामक यंत्रो की टेस्टिंग एवं रिफलिंग कराने एवं 09 शाखाओं में लगे अलार्म सिस्टम को सुधरवाने तथा 18 शाखाओं हेतु 18 नग नये अलार्म सिस्टम लगवाने हेतु इच्छुक फर्मों से अपनी दरे संबंधी बंद लिफाफे में दरे निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदाये दिनांक 06.05.2026 शाम 05 बजे तक साधारण डाक द्वारा अथवा व्यक्तिश: उपस्थित होकर प्रस्तुत की जा सकती है। नियम शर्तों एवं सामग्री विवरण के संबंध में प्रधान कार्यालय सीहोर के स्टोर कक्ष में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

000000000000000000

थाना बुदनी पुलिस द्वारा मुस्कान अभियान के अंतर्गत अपहर्ता नाबालिक बालिका को किया दस्तयाब

घटना का विवरण –

दिनांक 02.03.26 को फरियादी द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि मेरी 17 वर्षीय नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति वहला फुसला कर ले गया है की रिपोर्ट पर थाना बुदनी में अपराध क्रमांक 83/26 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया ।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता रावत द्वारा कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया । अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस)महोदय बुदनी रवि शर्मा द्वारा अपहर्ता की तलाश हेतु थाना स्तर टीम गठित की गई । टीम द्वारा अपहर्ता की पतारसी कर दस्तयाबी के बाद दिनांक 18/04/26 को परिजनो के सुपुर्द किया गया ।

प्रकरण में अग्रिम विवेचना जारी है ।

सराहनीय भूमिका:– थाना प्रभारी संदीप जाट , उनि कुसुम कली , प्रधान आरक्षक नरेंद्र ।

00000000000000000000

भास्कर संवाददाता. सीहोर

सांदीपनि विद्यालय में निजी स्कूलों के बच्चों को प्रवेश नहीं मिलेगा। विद्यालय में प्रवेश के लिए प्राथमिकता सरकारी स्कूलों के बच्चों को दी जाएगी, अगर सीट रिक्त रहती हैं तो ही निजी स्कूल के बच्चों को एडमिशन मिल पाएगा। जिसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने गाइडलाइन भी जारी कर दी है।

इस नए आदेश के बाद अब निजी स्कूलों से सरकारी सांदीपनि स्कूलों में आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रवेश का रास्ता तो खुला है, लेकिन इसमें वेटिंग लिस्ट जैसी स्थिति रहेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पहली प्राथमिकता सरकारी स्कूलों के बच्चों को दी जाएगी, उसके बाद सीटें रिक्त रहने पर ही निजी स्कूल के बच्चों पर विचार होगा। साथ ही कक्षा 8वीं तक निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के तहत पढ़ने वाले छात्रों को रिक्त सीटों पर वरीयता दी जाएगी। स्कूल प्राचार्यों का दावा है कि एडमिशन की प्रक्रिया तो चल रही है। लेकिन प्राथमिकता सरकारी स्कूलों को दी जा रही है। इसके लिए भोपाल से ही निर्देश मिले हैं कि पहले सरकारी स्कूलों के बच्चों को एडमिशन दिया जाए। सीट बची तो प्राइवेट को मिल पाएंगे। कुछ सरकारी स्कूल मर्ज होने का चल रहा है उसके होने के बाद क्लियर स्थिति सामने आ पाएगी।

कम नामांकन वाले स्कूल होंगे मर्ज, विरोध भी शुरू

आदेश के मुताबिक सांदीपनि स्कूलों के नए भवनों के पास संचालित ऐसे सरकारी स्कूल जहां छात्रों की संख्या कम है, उन्हें सांदीपनि स्कूल में समाहित किया जाएगा। उन स्कूलों के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से प्रवेश दिया जाएगा। इससे उन बच्चों को बेहतर लैब, लाइब्रेरी और खेल मैदान की सुविधा मिल सकेगी। सीहोर जिले में अभी तीन सांदीपनी स्कूल के आसपास के स्कूल चिन्हित किए गए हैं। हालांकि इनके मर्ज होने की जानकारी लगते ही विरोध भी शुरू हो चुका है।

सीहोर जिले में कुल 14 सांदीपनी स्कूल, 3 के भवन हैंडओवर

सीहोर जिले में कुल 14 सांदीपनी स्कूल हैं। इनमें से 9 स्कूलों के भवन स्वीकृत किए गए थे जिनका निर्माण वर्ष 2024 में ही पूरा होना था। लेकिन स्थिति यह है कि अब तक मात्र 3 स्कूल ही शिक्षा विभाग के हैंडओवर हो पाए हैं। जिसके कारण सांदीपनी स्कूलों का लाभ पूरे जिले के बच्चों को नहीं मिल पा रहा है। खास बात यह है कि स्कूल के भवन भले नहीं बन पाए लेकिन इस योजना का नाम जरूर बदल चुका है। सबसे पहले सीएम राइज स्कूल के नाम से योजना शुरु की गई थी। बाद में इन स्कूलों का नाम सीएम राइज से बदलकर सांदीपनी कर दिया गया है।

0000000000000000

किसान पंजीयन और गेंहू के रकबे में बढ़ोत्तरी

बैठक में जानकारी दी गई कि सीहोर जिले में गेहूं पंजीयन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2025-26 में जहां 88,292 किसानों ने पंजीयन कराया था, वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 1,02,485 हो गई है, जो 116.08 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। इसी तरह पंजीकृत रकबा भी बढ़ा है। पिछले वर्ष 2,00,293 हेक्टेयर रकबा दर्ज था, जो इस वर्ष बढ़कर 2,44,959 हेक्टेयर हो गया है। यह 111.19 प्रतिशत वृद्धि है।

जिले में बनाए गए हैं 240 उपार्जन केंद्र

उपार्जन केंद्रों की बात करें तो जिले में 240 उपार्जन केंद्र बनाये जाने हैं, जिसमें से 212 उपार्जन केन्द्र बनाये जा चुके हैं। शेष केन्द्रों के लिये स्व-सहायता समूहों के प्रस्ताव राज्य शासन को भेजे गये हैं। अनुमति प्राप्त होते ही ये भी बना दिये जायेंगे। वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 6,32,577 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया था।

न्यूनतम समर्थन मूल्य

इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (स्स्क) 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिस पर राज्य सरकार द्वारा 40 रुपये का बोनस दिया जाएगा। इस प्रकार किसानों को कुल 2625 रुपये प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य प्राप्त होगा।

## एक नजर में

### यादव बने महासभा के जिलाध्यक्ष

सीहोर. वार्ड क्रमांक 12 पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव को अखिल भारतीय यादव महासभा मप्र के अध्यक्ष जगदीश यादव की सहमति एवं एडवोकेट उमेश यादव, लखन यादव, राम सजीवन यादव, राम मोहन यादव की अनुशंसा से अखिल भारतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष पद पर मनोतनत किया गया है.

घनश्याम यादव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है उसको मैं पूरी ईमानदारी व सक्रियता के साथ निवर्हन करुंगा और समाज हित में कार्य करना ही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी.इस मौके पर कैलाश यादव, मोहन यादव, सीतराम यादव, भूरा यादव, राहुल यादव, विजय यादव, धर्मेन्द्र यादव, प्रदुन यादव, औंकार यादव, राधेश्याम यादव, नन्दलाल यादव, रमेश यादव, गगन पहलवान, किशन यादव, गेंदालाल यादव, गोपाल यादव, चन्नीलाल यादव, गब्बर यादव, मन्नुलाल यादव, सूरज यादव, नीरज यादव, प्रकाश यादव, रोहित यादव, दीपक यादव, नरेश यादव, मनोज यादव आदि ने बधाई दी.

## एक नजर में

01

### माहेश्वरी समाज ने मनाया अन्नकूट महोत्सव, लगाया 56 भोग

**सीहोर.** शहर के छावनी स्थित माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी समाज के तत्वाधान में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया. इस मौके पर गिरिराज बाबा की झांकी सजाई और 56 भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया. माहेश्वरी समाज अध्यक्ष योगेश राठी व महिला मंडल अध्यक्ष आभा कासट ने बताया कि दीपावली के पश्चात प्रतिवर्ष समाज द्वारा 56 भोग और गिरिराज बाबा की झांकी सजाई जाती है. इस मौके पर भजन कीर्तन से